चेहरे पर सूजन आना (Swelling on Face)

चेहरे पर सूजन आना एक आम समस्या है। इसका कारण साधारण (Simple) भी हो सकता है जैसे – एलर्जी, महिलाओं में बीमारी के साथ हार्मोन का उतार चड़ाव तथा गंभीर बीमारी (Sirius Disease) जैसे – गुर्दों का रोग (Kidney Disease) आदि।

आम एलर्जी के कारण (Cause of Allergy) हैं –

1. बालों को रंगना/ड़ाई करना (Hair Dai)
2. सोन्दर्य प्रसाधनों प्रयोग/मेकअप (Makeup)
3. दवाईयों से एलर्जी (Allergy of Medicine)

महिलाओं में हार्मोन (Hormonal Imbalance) के कम ज्यादा होने से भी चेहरे के साथ शरीर में सूजन आ सकती है।

कई गंभीर बीमारियों से भी सूजन आ सकती है जैसे – गुर्दों का रोगी (Kidney Disease)। ऐसे रोगियों का ब्लड़ प्रेशर बड़ना (High Blood Pressure), यूरिन की मात्रा कम होना, बार बार (Frequent) होना आदि लक्षण होते हैं।

खून की जॉचें (Blood test) जैसे – यूरिया (Urea), क्रियेटीनिन (Creatinine) तथा यूरिन की जॉच (Urine R/M) से सम्पूर्ण जानकारी मिलती है।

अन्य बीमारियॉ (Other Disease) जैसे –

1. थायराइड़ हार्मोन की कमी (Hypothyroidism) से भी चेहरे पर सूजन आ सकती है।
2. कभी कभी गहरी नींद या एक साइड़ देर तक सोने पर भी चेहरा फूला हुआ लग सकता है।
3. मोटापे (Obesity) से भी चेहरा फूल जाता है।
4. ब्लड़ प्रेशर की दवाइयों (Antihypertensive) से भी चेहरे पर सूजन आ सकती है।